8 विदेशी पर्यटकों को धार्मिक स्थलों का भ्रमण करने

के लिए आकर्षित करने की योजना

860. **श्री इकबाल सिंह** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1994-95 के दौरान कितने विदेशी पर्यटकों ने भारत के धार्मिक पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया है उनमें से कितने पर्यटकों ने पंजाब राज्य के विभिन्न तीर्थस्थलों का भ्रमण किया;

(ख) सरकार द्वारा उक्त अवधि के दौरान कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई; और

(ग) विदेशी पर्यटकों को भारत के तीर्थस्थलों का भ्रमण करने के लिए आकर्षित करने हेतु कौन-कौन सी प्रभावी योजना बनाई गई है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) वर्ष 1994-95 के दौरान लगभग 19,07,320 विदेशी पर्यटकों ने देश की यात्रा की । धार्मिक स्थलों की यात्रा करने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या से संबंधित आंकड़े नहीं रखे जाते है ।

(ख) वर्ष 1994-95 के दौरान पर्यटन से अर्जित हुई अनुमानित विदेशी मुद्रा 7366करोड़ रुपए है । पर्यटक संबंधी खर्च सरकार नहीं करती, खर्च के प्राप्तिकर्ता विभिन्न सेवाओं और सुविधाओं को मुहैया करने वाले होते है ।

(ग) सरकार ने तीर्थ पर्यटन के विकास के लिए संबंधित राज्य सरकारों तथा स्थानीय निकायों के माध्यम से तीर्थ केन्द्रों पर सुविधाओं के विकास हेतु एक योजना शुरू की है ।

कपास का उत्पादन, घरेलू मांग और निर्यात

861. **श्री सोमपाल** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष कपास का कितना उत्पादन होने की संभावना है;

(ख) गत तीन वर्षो के दौरान कपास का वर्ष-वार कितना-कितना उत्पादन हुआ है;

(ग) देश में कपास की प्रत्याशित घरेलू मांग कितनी है;

(घ) क्या इस वर्ष कपास का निर्यात करने कि अनुमति दी गई है;

(ड) यदि हां, तो किस-किस तारीख को कपास की कितनी-कितनी मात्रा का निर्यात करने की अनुमति दी गई;

(च) देश में कपास के उपयोग और इसके मूल्यों में वृद्धि की क्या संभावनाएं है और क्या सरकार ने इसके उपयोग के लिए कोई ठोस योजना तैयार की है; और

(छ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) कपास सलाहकार बोर्ड के लिए अन्तिम मूल्यांकन करने का अभी उपयुक्त समय नहीं है । इसके मौसम की समाप्ति पर होने की आशा है ।

(ख) वर्ष	कपास का उत्पादन लाख गांठ में (1 गांठ – 170) (कि0ग्रा0)
1992-93	135.00
1993-94	121.50
1994-95	130.00

(ग) कपास सलाहकार बोर्ड द्वारा वर्ष 1994-95 के कपास वर्ष के लिए घेरलू मांग लगभग 131 लाख गांठ होना आंका गया है । चालू वर्ष की मांग मौसम की समाप्ति पर आंकी जाएगी ।

(घ) जी हां ।

(ड) पिछले वर्षो की भांति सरकार ने वर्ष 1995-96 के कपास वर्ष में भी निर्यात के लिए बंगाल देशी कपास की 1 लाख गांठों की रिलीज की है । आधुनिक गिनिंग तथा प्रैसिंग एककों को प्रोत्साहन देने के रूप में 28-11-1995 को अपरिष्कृत कपास की 1 लाख गांठे रिलीज करने की भी घोषणा की गई है ।

(च) और (छ) पिछले तीन वर्षो से कपास की कीमतों में उतार-चढ़ाव होने की प्रवृति बनी हुई है । फिर भी सरकार स्थिति की बराबर मानीटरी कर रही है तथा उपयुक्त कदम उठा रही है ।

Decline in Foreign Exchange Reserve

862. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: will the Minister of FINANCE be pleased to State:

(a) whether it is a fact that foreign